गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक : 27.11.2011

अन्तर्राष्ट्रीय प्रत्यायनन संघ (आई.ए.ओ.) द्वारा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय का प्रत्यायन

अन्तर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

विदेशी विद्यार्थियों के विश्वविद्यालय में प्रवेश की संभावनाएं बढ़ी

बिलासपुर : अमेरिका स्थित इण्टरनेशनल एक्रेडिटेशन आर्गनाईजेशन द्वारा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के अकादमिक, प्रबन्धन, प्रशासनिक व अकादमिक संसाधनों एवं वित्तीय अनुशासन का आकलन करने के उपरान्त, आई.ए.ओ. द्वारा प्रत्यायनित (एक्रेडिट) संस्थाान के रूप में मान्यता दे दी गयी है। आईएओ द्वारा विश्व भर के एक सौ से अधिक संस्थानों को इस तरह की शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन कर मान्यता दी गयी है। इससे विश्वविद्यालय को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में खड़े होने में सफलता मिली है। उक्त मान्यता के बाद विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर अन्तर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु यहां के विद्यार्थियों को आसानी होगी। साथ ही आईएओ द्वारा गुणवत्ता युक्त संस्थान घोषित किये जाने से विदेशी विद्यार्थी गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों की ओर आकर्षित होंगे व विदेशों में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

ज्ञातव्य हो कि आईएओ दुनिया भर के 25 से अधिक देशों में शैक्षणिक गुणवत्ता हेतु संस्थानों को आकलन कर प्रत्यायनित करता है व विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षणिक

एजेन्सियों यथा सीओएनईएयू अर्जेण्टीना, क्यूएएडी भूटान, ईएलएलएफ लेबनान, एएनईएईएस पराग्वे, एचईक्यूईसी लात्विया, एपीएएएल अमेरिका आदि के साथ मिलकर उच्च शिक्षा के उन्नयन हेतु प्रयासरत है। उक्त अन्तर्राष्ट्रीय संस्था इण्टनरेशनल एजुकेशन एक्रेडिटेशन कमीशन व ग्लोबल एजुकशन सपोर्ट फोरम फार वर्किंग एडल्ट का सदस्य है।

उक्त संस्था से गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्र विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों, नीतियों व कार्यान्वयन की विधियों के अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की होने के बारे में आश्वस्त हो जाते हैं। आईएओ प्रमाणपत्र का अर्थ यह भी होता है कि प्रमाणित संस्थान गुणवत्ता पूर्ण उच्चशिक्षा प्रदान के प्रति कटिबद्ध है तथा इसके शैक्षणिक कार्यक्रम अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं।

आईएओ मानक प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर कुलपति समेत विश्वविद्यालय परिवार एवं छात्रों में हर्ष तथा कुलपति जी ने इस सफलता का श्रेय सभी के सामूहिक प्रयासों को देते हुए इसे भविष्य में अधिक बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता की ओर जाने का एक कदम बताया है।

मीडिया प्रभारी

प्रति,

सम्पादक

——————————बिलासपुर